## एक नजर में



### जयति पार्श्वनाथ ने बनाया कीर्तिमान

**उज्जैन।** परिष्कृति सामाजिक सांस्कृतिक संस्था उज्जैन ने भारत की समृद्ध कलात्मक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्धन और उत्सव के प्रति अपनी असाधारण और अटूट प्रतिबद्धता के लिए एशियन बुक विश्व रिकॉर्ड हासिल किया है। अभिनव कार्यक्रमों, जीवंत सांस्कृतिक उत्सवों, प्रभावशाली सामाजिक पहलों और सार्थक कलात्मक सहयोग के गतिशील मिश्रण के माध्यम से संगठन ने लगातार सांस्कृतिक एकता का समर्थन किया है और रचनात्मक उत्कृष्टता का पोषण किया है। इस शानदार यात्रा में एक चमकता हुआ रत्न नाट्य कृति जयति पार्श्वनाथ है जिसे वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश दवे ने रचित और निर्देशित किया है। शुरुआत वर्ष 1991 में प्रबोध पंड्या के आग्रह पर उज्जैन प्रसिद्ध नमकीन व्यवसायी राजेश महिदपुर वाला की माताश्री के एकासना के पारणा से आरंभ हुई थी। नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थधाम आलोट में पहली प्रस्तुति हुई थी। इस उपलब्धि पर सतीश दवे ने बताया कि चौंतीस वर्षों में छह हज़ार से अधिक कलाकारों ने इसमें भाग लिया है। स्मारिका जोशी , हर्ष परिहार ,मिताली वर्मा आदि कलाकारों ने प्रमुख रूप से इस नाट्य मंचन की प्रस्तुति की है।


### डिजिटल साक्षरता पर वेबीनार संपन्न

**उज्जैन।** शासकीय महाविद्यालय उन्हेल में मप्र उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में एकदिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन दिनांक 31 अक्टूबर को हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य सुधा दीक्षित ने की। मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक डॉ एचएल अनिजवाल रहे। प्रधान संरक्षक अग्रणी महाविद्यालय उज्जैन प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने अपने उद्बोधन में डिजिटल साक्षरता का महत्व बताया। प्राध्यापक डॉ. गौरव सिक्का ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से शोधगंगा, इनफ्लिब नेट, ई-पीजी पाठशाला, विद्या मित्र, स्वयं पोर्टल, वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन आदि डिजिटल साक्षरता एवं ई-लर्निंग के विभिन्न आयामो के बारे में जानकारी दी। डॉ. विवेक त्रिपाठी ने साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल एथिक्स विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विशिष्ट अतिथि डॉ. धर्मेंद्र तिवारी रहे। वेबीनार का प्रारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। वेबिनार संयोजक डॉ. भावना उज्जालिया और सह-संयोजक डॉ. श्रवण सोलंकी रहे। संचालन डॉ. नूतन पंवार ने किया। सलाहकार एवं आयोजन समिति सदस्य आरके कौरव, डॉ. अमित पाटीदार, डॉ. संजय खेड़े, डॉ. लोकेश यादव, डॉ. विजय वाकले रहे। आभार डॉ. श्रवण कुमार सोलंकी ने माना।

### पत्रकार भदौरिया संभाग उपाध्यक्ष बने



**उज्जैन।** शहर के युवा पत्रकार श्रवण सिंह भदौरिया को उज्जैन संभाग मध्य प्रदेश प्रेस क्लब का प्रमुख उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। भदौरिया का मनोनयन मध्य प्रदेश प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी की सहमति से उज्जैन संभाग अध्यक्ष महेंद्र सिंह बैंस ने किया है। आपका कार्यकाल 2 वर्षों का रहेगा। आपके लिए यशस्वी कामना वरिष्ठ पत्रकार जय सिंह बैस, जितेन्द्र सिंह बैस, घनश्याम शर्मा, उदय सिंह चंदेल, पंकज पांचाल, मनीष पांडे, पराग पांचाल आदि ने की है और आपको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।



### राधाकृष्ण बलदाऊ मंदिर में मना अन्नकूट

**उज्जैन।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाकाल मंदिर के समीप स्थित श्री अहीर वंशीय राधा कृष्ण बलदाऊ मंदिर एवं धर्मशाला, ट्रस्ट द्वारा आंवला नवमी पर अन्नकूट महोत्सव धूम धाम से मनाया गया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष रामगोपाल यादव के अनुसार पिछले 60 सालों से यहां मनाए जा रहे अन्नकूट महोत्सव में इस वर्ष यादव समाज के इस मंदिर में 8 जिलों के यादव समाज के सदस्यों ने सहभागिता की। इस दौरान कन्या एवं बटूक भोज के अलावा ब्राहमण भोज भी कराया गया। भगवान को 56 भोग लगाकर, महा आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चों सहित यादव अहीर समाज के पदाधिकारियों सहित समाज के गणमान्य नागरिक शामिल रहे। श्री अहीर वंशीय राधा कृष्ण बलदाऊ मंदिर एवं धर्मशाला, एक ट्रस्टी मंदिर है, जिसमें 42 ट्रस्टियों की देखरेख में कई वर्षो से इस मंदिर में सफलता पूर्वक कई कार्यक्रम किए जा चुके है। अन्नकूट महोत्सव पर मुख्य रूप से ट्रस्ट अध्यक्ष रामगोपाल यादव, कोषाध्यक्ष नेमसिंह यादव, सचिव ललित यादव, सदस्य सुरेश यादव, एडवोकेट सुमेर सिंह, डीएसपी मध्यप्रदेश पुलिस भारत सिंह यादव, नगर परिषद अध्यक्ष तलेन नारायण सिंह यादव, जिला युवा अध्यक्ष पवन यादव, चंदन यादव, हरिसिंह यादव, सदाशिव यादव, राधेश्याम यादव, अंतु यादव, लखन यादव, चंदू यादव, कृष्णा यादव, विशाल यादव आदि बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे।



### चयनित नवांकुर संस्थाओं की बैठक संपन्न

**उज्जैन।** संवाद योजनांतर्गत चयनित नवांकुर संस्थाओं की बैठक स्मानर्ट सीटी सभागार में कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि अजीता परमार शासी निकाय सदस्य एवं डॉ. बकुल लाड कार्यपालक निदेशक मप्र जन अभियान परिषद, शिवप्रसाद मालवीय संभाग समन्वयक ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। शिवप्रसाद मालवीय संभाग समन्यक उज्जैन ने विभागीय योजनाओं की कार्य प्रगति प्रेजेन्टेशन के माध्यरम से प्रस्तुत की। कार्यपालक निदेशक ने नवांकुर योजना की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मोहनसिंह परिहार, अरुण व्यास, संदीप मालवीय अन्य नवांकुर संस्थामओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन जय दीक्षित एवं आभार मोहनसिंह परिहार ने माना।

### ममता कुलकर्णी बोली-दाऊद आतंकी नहीं

**उज्जैन।** गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई पूर्व फिल्म अभिनेत्री अब साध्वी ममता कुलकर्णी ने बयान दिया था कि अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहीम ने कोई बम ब्लास्ट नहीं किए, वह आतंकी भी नहीं है। इस पर देशभर में हंगामा मचा हुआ है। इस मामले में उज्जैन स्थित किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास ने कहा कि ममता कुलकर्णी और किन्नर अखाड़े की आचार्य रही लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी भगवे के नकली चोले में है। दोनों पहले से ही अखाड़े से निष्कासन है, इन पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। ऋषि अजय दास ने अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरी महाराज पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए ममता व लक्ष्मीनारायण को संरक्षण देने का आरोप लगाया।

# महाकाल की नगरी में आज से कालिदास समारोह-1 से 7 तक चलेगा कला साहित्य का महाकुंभ

## मंगल कलश यात्रा से दिया आमंत्रण, सीएम डॉ. मोहन यादव करेंगे शुभारंभ, शोध और मंथन के लिए उज्जैन पहुंचेंगे देशभर के साहित्यकार-कलाकार





**उज्जैन।** पद्म भूषण स्व. सूर्यनारायण व्यास का बोया पौधा एक वटवृक्ष बन चुका है। 67वें कालिदास समारोह की तैयारी की गई है उसका आज विधिवत उद्घाटन सीएम डॉ. यादव करेंगे।

महाकवि कालिदास की नगरी उज्जैन में आज 1 नवंबर से 67वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह का शंखनाद होगा। यह भव्य सांस्कृतिक अनुष्ठान सप्ताहभर तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें देश-विदेश की अनेक साहित्यिक, कलात्मक और सांस्कृतिक विभूतियां शामिल होने उज्जैन आएंगी। समारोह के निमंत्रण देने के लिए शुक्रवार को महाकाल की नगरी में एक भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा रामघाट से शुरू हुई और विभिन्न मार्गों से होते हुए कालिदास अकादमी पहुंची। इस दौरान मंगल कलश को महाकवि कालिदास जी की प्रतिमा पर स्थापित किया गया। कालिदास अकादमी के डॉ. गोविंद गंधे सहित अन्य आयोजक महाकाल मंदिर पहुंचे और बाबा महाकाल को भी समारोह में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया। पूजन-दर्शन के बाद सभी आयोजक और अतिथिगण इस यात्रा में शामिल हुए। यात्रा का शहर के अलग-अलग स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया, जो कला और साहित्य के प्रति उज्जैन के लोगों के उत्साह को दर्शाता है। कालिदास अकादमी में प्राचीन सिक्कों की प्रदर्शनी एवं पुरस्कृत चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। संभाग आयुक्त आशीष सिंह, डीआईजी नवनीन भसीन, पतंजली संस्कृत संस्थान भोपाल के पूर्व अध्यक्ष भरत बैरागी आदि शामिल हुई है। शाम 6.30 बजे नान्दी के अन्तर्गत 1100 छात्र-छात्राओं द्वारा मंगलाचरण एवं डॉ. कल्पना आठल्ये के निर्देशन में गोगटे जोगलेकर महाविद्यालय रत्नागिरी (महाराष्ट्र) के छात्रों द्वारा संस्कृत आर्केस्ट्रा प्रस्तुत किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एसपी प्रदीप शर्मा को भी आमंत्रित किया गया।

### आज मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ-सरकार को दी कमान

67वें कालिदास समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। समारोह के दौरान कालिदास की महान रचनाओं पर लगातार शोध, चिंतन, मंथन और पठन-पाठन होगा। कई जाने-माने साहित्यकार, कलाकार और अतिथिगण अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को गरिमा प्रदान करेंगे। इस समारोह की शुरुआत ज्योतिषाचार्य और पद्म विभूषण से सम्मानित स्व. सूर्यनारायण व्यास ने वर्ष 1928 में की थी। उन्होंने जिस छोटे से पौधे को रोपा था, वह आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है। शुरुआत में व्यक्तिगत तौर पर स्व. पं. सूर्यनारायण व्यास इस आयोजन को सहपाठियों, मित्रों, तत्कालीन समाजसेवियों के साथ करते थे, जिसकी शुरुआत सिंहपुरी से हुई थी। मुख्य संस्थापक पंडित सूर्य नारायण व्यास ने वर्ष 1958 में इस महत्वपूर्ण आयोजन को सरकार के संरक्षण में दे दिया गया। जिसके बाद इसका स्वरूप और भी भव्य हो गया। उसके बाद कालिदास अकादमी, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश सरकार इस आयोजन को लगातार संपन्न करते आ रहे हैं।

# रिश्ता तय होना था बच्चों का, माता-पिता ने जोड़ लिया संबंध

## दूल्हे की मां दुल्हन के पिता के साथ भागी, टूटा बच्चों का रिश्ता

**उज्जैन। बच्चों की सगाई करने के लिए दो परिवारों का मिलन हुआ। मिलन के दौरान ही लड़के की मां और लड़की के पिता के के बीच प्रेम परवान चढ़ गया। बच्चों का रिश्ता तय हो पता उससे पहले ही दोनों भाग निकले। महिला के लापता होने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई 8 दिन बाद मिलने पर मामले का खुलासा हुआ। महिला ने अपने पति और बच्चों के साथ रहने से इनकार करते हुए प्रेमिका दामन थाम लिया और उसके साथ चली गई।**

मामला बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम इंगोरिया से जुड़ा हुआ है। यहां रहने वाले ग्रामीण ने अपनी पत्नी के निधन के बाद बेटी का रिश्ता गांव में ही खेती किसानी करने वाले परिवार के साथ करने का निर्णय लिया। बेटी की सगाई के लिए वह गांव के ही परिवार के यहां पहुंचा और उनके लड़के से अपनी बेटी की शादी की बात शुरू की। दोनों परिवार में रिश्ता तय करने की सहमति बन गई थी और सगाई की तैयारी की जा रही थी इसी बीच लड़के की मां को अपनी होने वाली बहू के पिता से प्यार हो गया। दोनों ने अपने बच्चों का रिश्ता छोड़ कर खुद के रिश्ते का ताना-बाना बुना शुरू कर दिया। 8 दिन पहले लड़के की मां परिवार के बच्चे का उपचार करने बड़नगर अस्पताल पहुंची और लापता हो गई। परिवार ने तलाश शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चलने पर मामले की गुमशुदगी बड़नगर थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने 8 दिनों की तलाश के दौरान जानकारी जुटाना पर पाया कि दो बच्चों की मां का गांव के ही रहने वाले ग्रामीण से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस ने उक्त ग्रामीण की तलाश कर उसे पूछताछ के लिए थाने बुलाया तो लापता हुई महिला भी आ गई। दोनों को देख परिवार वालों के होश उड़ गए। तभी सामने आया कि दोनों अपने बच्चों का रिश्ता तय करने के लिए मिले थे और सगाई की तैयारी चल रही थी।

### पति बच्चों के साथ रहने से किया इंकार

लापता हुई महिला के प्रेम प्रसंग का मामला सामने आने के बाद दोनों के परिजन थाने पहुंचे थे। दोनों के दो-दो बच्चे हैं। प्रेमी की पत्नी का निधन हो चुका था। दोनों के परिजनों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। लेकिन महिला ने दो बच्चों और पति को छोड़कर प्रेमी के साथ रहने का निर्णय ले लिया। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि महिला की काउंसलिंग की गई। लेकिन वह अपने पति बच्चों के साथ जाने को तैयार नहीं थी। दोनों के बालिग होने और उनका खुद का निर्णय होने पर पुलिस द्वारा कोई एक्शन भी नहीं लिया गया है। महिला के नहीं मानने पर उसका पति और बच्चे भी अपने घर लौट गए। दोनों के बच्चों की उम्र 18 से 20 साल की है।

### शिप्रा नदी में डूबा युवक, शाम तक नहीं हुई पहचान

उज्जैन। गऊघाट शिप्रा नदी में शुक्रवार सुबह 6 बजे एक युवक डूब गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची। एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया और ढाई घंटे की तलाश के बाद युवक का शव बाहर निकाल लिया गया। शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि गऊघाट शिप्रा नदी में एक युवक को लोगों ने डूबता देख तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों से तलाश शुरू कराई लेकिन युवक का पता नहीं चल पाया। युवक की तलाश के लिए एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया 2 घंटे की तलाश के बाद युवक का शव बाहर निकल गया। आसपास के लोगों से उसकी पहचान के प्रयास किए गए लेकिन किसी ने भी उसे नहीं पहचाना। पुलिस ने आसपास के थानों से भी संपर्क किया लेकिन शाम तक उसकी पहचान नहीं हो पाई। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। पहचान होने और परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# 24 से 30 अक्टूबर तक 89 प्रकरण पंजीबद्ध, 51 आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन।** आबकारी विभाग उज्जैन द्वारा अवैध मदिरा विक्रय, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध लगातार कार्यवाहियां की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी निधि जैन द्वारा जिले के कार्यपालिक बल के अलग-अलग दलों का गठन किया गया है। यह दल जिले में लगातार सक्रिय होकर गश्त, भ्रमण कर रहा है। होटल ढाबों की रात में चेकिंग की जा रही है। साथ ही रोड चैकिंग भी की जा रही है। इसी अनुक्रम में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के आदेश तथा प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त जिला उज्जैन के मार्गदर्शन में गठित दलों द्वारा क्षेत्र के बैठक ढाबा नागदा, कारतूस ढाबा नागदा, मुनीम ली ढाबा, मंत्री ढाबा, सिंदल ढाबा, बेबी ढाबा, माली दा ढाबा, चौधरी ढाबा, लब्बू का ढाबा, जागृति ढाबा, संता बंता ढाबा, महाकाली ढाबा, जादूगर ढाबा, स्वागत ढाबा, तोमर ढाबा, राजपूताना ढाबा, बैरागी रेस्टोरेंट, सपना ढाबा, चुल्हा चौका ढाबा, कुक्की ढाबा, अपना ढाबा एवं गुमटियों की चैकिंग की गई। 24 अक्टूबर 2025 से 30 अक्टूबर 2025 तक आबकारी विभाग द्वारा जिले के उज्जैन, खाचरौद, नागदा, महिदपुर, बड़नगर एवं तराना क्षेत्रों में 89 प्रकरणों में 51 आरोपियों के विरुद्ध नामजद प्रकरण दर्ज कर 77 लीटर मदिरा एवं 3060 किलोग्राम लहान एवं 01 चार पहिया हयून्डाई वाहन क्रमांक एमपी 13 सीबी 8863 जत किया गया है। जिले में कहीं भी अवैध मदिरा का विक्रय, परिवहन न हो, इस हेतु विभाग प्रतिबद्ध है। जिले में मुखबिर तंत्र सक्रिय है। अवैध मदिरा का विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### इंगोरिया के प्रभारी समिति प्रबंधक चौधरी निलंबित

**उज्जैन।** बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस?था मर्यादित इंगोरिया के प्रशासक श्री आशिष कुमार शर्मा ने संस्था के समिति प्रबंधक चंद्रदेव चौधरी को उपायुक्त सहकारिता और जिला सहकारी केन्द्रीय बैक के विपणन अधिकारी द्वारा मौके पर निरीक्षण किए जाने पर अनुपस्थित रहने तथा संस्था के गोदाम में खाद का उचित रखरखव नहीं करने व शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### कल भारतीयता का भविष्य पर व्याख्यान

**उज्जैन।** सुप्रसिद्ध कवि, आलोचक, विचारक, संस्कृतिविद और रज़ा फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक वाजपेयी अभिनव रंगमंडल ने आयोजित मासिक संवाद श्रंखला के अंतर्गत 2 नवंबर की सुबह 10.30 बजे सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान महाश्वेता नगर, उज्जैन में लोकतंत्र और भारतीयता का भविष्य विषय पर व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर अशोक वाजपेयी की कविताओं पर जाने माने चित्रकार मुकेश बिजौले की चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित है। अभिनव रंगमंडल द्वारा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित हों।

# सरदार पटेल ने निडरता के साथ बेहतर कार्य किया : उमेश नाथ

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**उज्जैन।** एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाने के पहले राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेश नाथ महाराज ने शहीद पार्क पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब लोग एकता समरसता के लिए एकत्र हुए है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने निडरता के साथ श्रेष्ठतम कार्य किए है। नगर निगम सभापति कलावती यादव ने रन फॉर यूनिटी के अवसर सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवनकाल की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि भारत की आजादी में अनेकों महान लोगों ने अपनी कुर्बानी दी है। परंतु सरदार पटेल का योगदान देश की आजादी में अतुलनीय है। सरदार पटेल भारत को भारत बनाने वाले देश के महानतम सपूत है। उनकी प्रेरणा से हम सब देश की एकता और अखंडता के लिए समरसता के साथ कार्य करे। उन्होंने दौड में भाग लेने आए नागरिकों को एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संजय अग्रवाल, जगदीश पांचाल, प्रभुलाल जाटवा, सनवर पटेल, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित थे। रन फॉर यूनिटी को अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन फॉर यूनिटी में भाग लेने वाले युवक-युवतियों ने शहीद पार्क से दौड प्रारंभ कर विभिन्न मार्गों से होते हुए फव्वारा चौक दौलत गंज पहुंचे। सभापति श्रीमती यादव ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर यह शपथ दिलाई।

### इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**उज्जैन।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा देश की प्रधानमंत्री रहीं इन्दिरा गांधी की पुण्य तिथि पर इन्दिरा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई। इस दौरान महेश परमार और मुकेश भाटी ने कहा कि इंदिराजी और सरदार वल्लभ भाई पटेल के बलिदान को देश भुला नहीं सकता। संगठन मंत्री अजय राठौर ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर बैरागी, पूर्व सांसद सत्यनारायण पंवार, देवव्रत यादव, राजेंद्र राठोर, धीरज यादव, राहुल लोट, चंदू यादव, चैन सिंह चौधरी, असरार मामू, कुलदीप जाट, ओमप्रकाश रामी, राजेश पल्ली, असलम भाई चूड़ीवाले, अर्पित यादव ने पुष्पांजलि अर्पित की।

**शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा** — 5 नवंबर को यह संगम से महिदपुर और नारायणा धाम होते हुए शाम को उज्जैन में रामघाट आरती द्वार पर पहुंचकर समापन होगा

# संत के सानिध्य में कल से शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा, रामघाट पर पूजन के साथ शुरू होगी

नवभारत न्यूज




**उज्जैन।** जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर शैलाषानंद गिरि, निर्मोही अखाड़े के महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज सहित नगर के संत-महंतों के सानिध्य में त्रिशूल शिवगण वाहिनी द्वारा शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा निकाली जा रही है। जो 2 नवंबर को सुबह 8 बजे रामघाट से शुरू होगी और को शाम 5 बजे इसी जगह पर इसका समापन होगा।

यह जानकारी शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में शैलाषानंद गिरि, ज्ञान दास महाराज, महंत विशाल दास महाराज, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी, त्रिशूल शिवगण वाहिनी के संस्थापक आदित्य नागर ने बताया कि इस आयोजन का नाम एक दिया शिप्रा के नाम अभियान रखा गया है। इस प्रदक्षिणा का मुख्य उद्देश्य शिप्रा नदी को उसके पौराणिक स्वरूप में लौटाने और उसे निर्मल बनाने हेतु जन जागरूकता फैलाना है। यात्रा 2 नवंबर की सुबह शिप्रा के पूजन-अर्चन के पश्चात रामघाट से प्रारंभ होगी जो ग्राम बोलासा, दकनासोड़ी होते हुए मुढ़ला दोसर स्थित शिप्रा उद्गम स्थल पर पहुंचेगी। 3 नवंबर को शिप्रा के उद्गम से सिमरोड होते हुए दत्त अखाड़े पर पहुंचेगी। 4 नवंबर को मेलेश्वर महादेव, उन्हेल, आलोट होते हुए ग्राम सिपावरा स्थित शिप्रा-चंबल संगम पर आएगी। 5 नवंबर को यह संगम से महिदपुर और नारायणा धाम होते हुए शाम को उज्जैन में रामघाट आरती द्वार पर पहुंचकर समापन होगा। यहां शिप्रा का पूजन, चुनरी अर्पण व दीपदान किया जाएगा। यात्रा के सभी पड़ाव स्थलों पर भी दीपदान का आयोजन रखा है।

### श्री वीर हनुमान को आज लगेगा अन्नकूट



महाकाल वन कार्तिकचौक स्थित स्वयं-भू प्राचीन दक्षिणमुखी श्री वीर हनुमान मंदिर पर देव उठनी एकादशी पर्व पर शनिवार को अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान के दिव्य स्वर्ण श्रृंगार दर्शन होंगे। श्री वीर हनुमान मंदिर के पुजारी पं. जस्सू गुरु महाराज, पुजारी नीलेश गुरु, पुजारी कृष्णा गुरु ने बताया कि शाम 6 से रात 9 बजे तक श्रृंगार व अन्नकूट झांकी के दर्शन होंगे। मंदिर में फूलों व रंगीन वस्त्रों की सजावट की जाएगी। शाम 7 .30 बजे पूजन व ढोल-ढमाकों के साथ महाआरती की जाएगी। श्रद्धालुओं को आरती पश्चात अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया जाएगा। देव उठनी एकादशी पर्व के अवसर पर मंदिर प्रांगण में तुलसी-शालिग्राम का विवाह उत्सव भी संपन्न होगा।